सार-समाचार

खेडाठाकुर की अन्नपूर्णा रसोई में हुई चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। पुलिस थाना रुदावल ने अन्नपूर्णा रसोई में हुई चोरी की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सामान बरामद करने और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है। अन्नपूर्णा रसोई में हुई चोरी की घटना को लेकर अन्नपूर्णा रसोई (नंबर 680) की संचालिका सुनीता देवी की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23-24 अक्टूबर की मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने रसोई का ताला तोड़कर अंदर रखा सामान बिखेर दिया। चोर रसोई से कंप्यूटर, सीपीयू, चार गैस सिलेंडर (दो भरे और दो खाली), एक सरसों के तेल का पीपा, लगभग 10 हजार रुपए नकद तथा अन्य राशन सामठाी को चुरा कर ले गए। रुदावल थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि भरतपुर रेंज आईजी प्रीति चंद्रा एवं एसपी राजेश कुमार के निर्देशन एवं एएसपी बयाना रामगोपाल बसवाल व वृत्ताधिकारी रूपवास रोहित श्रीवास्तव के सुपरविजन में थानाधिकारी नरेशचंद शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों की तलाश की। पूछताछ और अनुसंधान के दौरान संलिप्तता पाए जाने पर दो आरोपियों सौरभ पुत्र अनेश सिंह जाटव, निवासी रिछोहा, थाना जगनेर, गौरव पुत्र उदयभान जाटव निवासी निभेरा, थाना रुदावल को गिरफ्तार किया है।

सारस चौराहे के पास मिला व्यक्ति का शव

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में सारस चौराहे के पास पर्यटन विभाग कार्यालय के बगल में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बेसुध हालत में मिले व्यक्ति को एंबुलेंस की सहायता से आरबीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मथुरा गेट थाने के एएसआई हरगोपाल सिंह ने बताया कि पुलिस को दोपहर करीब 2 बजे सारस चौराहे के पास एक व्यक्ति के बेसुध हालत में पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल लेकर आई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान उसके पास डीग के सरकारी अस्पताल में इलाज से संबंधित पर्चे मिले। मृतक की पहचान तेज सिंह पुत्र डालू सिंह, निवासी किशनपुर मोहल्ला, डीग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तेज सिंह 23 अक्टूबर को इलाज के लिए घर से निकला था। इसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर पंचायतनामा संबंधी कार्रवाई करा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

सांडों की टक्कर से बुजुर्ग महिला गंभीर घायल

भरतपुर, (निसं)। शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में रविवार शाम सांडों की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा नगर निगम कार्यालय से करीब 200 मीटर दूर मथुरा गेट पुलिस चौकी के सामने हुआ। महिला के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, दो सांडों के आपस में टकराने के दौरान बुजुर्ग महिला इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की हालत गंभीर थी और उसकी याददाश्त पर भी असर पड़ने की आशंका जताई गई। ऐसी स्थिति में स्थानीय पुलिस और लाइफलाइन सोसाइटी के सचिव प्रीतेश गर्ग ने तत्परता दिखाते हुए महिला को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के प्रयास किए। प्रीतेश गर्ग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यातायात को व्यवस्थित कराया और 108 एंबुलेंस को बुलवाया। इसके बाद पुलिस के सहयोग से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायल महिला को शीघ्र आरबीएम अस्पताल, भरतपुर पहुंचाया गया, जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। साथ ही महिला के परिजनों को भी सूचना दी गई।इस दौरान प्रीतेश गर्ग और स्थानीय पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशीलता से घायल महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मदद मिली। शहर में आवारा सांडों की समस्या के बीच इस घटना ने एक बार फिर आमजन की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी मंडल रुदावल का कार्यकर्ता सम्मेलन कस्बे के निजी मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। प्रदेश मंत्री भानुप्रताप राजावत एवं पंचायत चुनाव प्रभारी धीर सिंह जादौन के मुख्य आतिथ्य तथा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में संगठन की मजबूती और आगामी पंचायत चुनावों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई। बैठक में जिला परिषद वार्ड नंबर 20 से भाजपा प्रत्याशी माधवी शर्मा, वार्ड नंबर 21 से मनोज सिकरवार तथा वार्ड नंबर 24 से बलवीरी देवी कृष्णा जाट को मंडल रुदावल की ओर से पूर्ण समर्थन देने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया। इसके साथ ही पंचायत समिति सदस्य के रूप में भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों की दावेदारी एवं संभावित पैनलों पर भी मंथन किया।

एसपी ने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व चुनावी तैयारियों की समीक्षा की

रूपवास, (निसं)। आगामी पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक ने रविवार देर शाम रूपवास पहुंचकर थाने का निरीक्षण किया। साथ ही सीओ कार्यालय में पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और चुनावी सुरक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उत्तर प्रदेश बॉर्डर से जुड़े क्षेत्रों में अपराध की स्थिति, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की सुरक्षा तथा थानों में लंबित प्रकरणों के निस्तारण को लेकर विशेष चर्चा की गई।

- **एसपी ने रूपवास थाने का निरीक्षण कर अपराध नियंत्रण व लंबित प्रकरणों के निस्तारण के दिए निर्देश**

जिला पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ बैठक में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और चुनावी सुरक्षा की तैयारियों की समीक्षा की।

जिला पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के साथ जरूरत के अनुसार अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया जाएगा। उन्होंने सभी थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर लगातार नजर रखने और चुनाव से संबंधित सुरक्षा तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

रूपवास क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और उत्तर प्रदेश सीमा से जुड़ाव को देखते हुए बॉर्डर सुरक्षा को भी बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दा बनाया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने सीमा क्षेत्र में अपराध की स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर समय-समय पर नाकाबंदी की जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। पंचायत चुनावों के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय जरूरी है।

क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहना होगा, ताकि मतदाता बिना किसी भय या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों की स्थिति के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था की योजना तैयार की जाए। चुनाव के दौरान अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे, ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की बैठक

भरतपुर, (निसं)। ठाकुर देशराज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जघीना में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के स्थानीय संघ सेवर की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर स्काउट एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बच्चू सिंह ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गिर्राज प्रसाद गर्ग एवं जिला सीओ स्काउट देवेन्द्र कुमार मीणा उपस्थित थे। स्थानीय संघ के सचिव लाखन सिंह जघीना ने बैठक का संचालन किया। बैठक के प्रारंभ में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया एवं सामूहिक रूप से स्काउट गाइड की प्रार्थना की गई। जिला कमिश्नर स्काउट देवेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के प्रत्येक विद्यालय में स्काउट गाइड की गतिविधियों का संचालन करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि गिर्राज प्रसाद गर्ग ने अधिक से अधिक बच्चों को स्काउट गाइड शिविर में भाग लेने एवं स्काउट गाइड के नियमों से अवगत कराया। सहायक जिला कमिश्नर स्काउट बच्चू सिंह ने सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों का पंजीकरण कराने, विद्यालय में शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने एवं स्काउट गाइडिंग को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

खेड़ी हैवत में रात्रिकालीन ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

हिण्डौन सिटी, (निसं)। ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं में खेल भावना, अनुशासन व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ठााम खेड़ी हैवत में प्रथम विशाल रात्रिकालीन ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन 25 से 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कबड्डी टीम कमेटी खेड़ी हैवत के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन भावना बाल विद्या मंदिर स्कूल के पास किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर ठाामीण युवाओं एवं खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

- **विजेता टीम को 21 हजार और उपविजेता को 11 हजार रुपये मिलेंगे**

खेड़ी हैवत में रात्रिकालीन ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी एवं मेडल तथा उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बेस्ट रेडर एवं बेस्ट डिफेंडर के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आयोजक कमेटी की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। प्रतियोगिता के दौरान निर्धारित नियमों एवं अनुशासन का पालन करना अनिवार्य रहेगा तथा रेफरी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला परिषद प्रत्याशी थानसिंह जाटव, भाजपा नेता टीकमचंद शेरपुर, मिथुन नारोल, रिंकू खेड़ी हैवत, चिरंजी, भावना बाल विद्या मंदिर के संस्थाप्रधान जीतेश डागुर, निदेशक राजाराम डागुर, मनोज सोलंकी, विश्वेंद्र, अजीत, सत्यप्रकाश, रामेश्वर जाटव एवं मानसिंह जाट सहित अनेक लोग मौजूद रहे। आयोजन कमेटी के रॉबिन, विशाल, केशव, कुलदीप, अजीत, गौरव सैनी एवं बालकृष्ण सहित सैकड़ों ठाामीणों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने खेल प्रेमियों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

‘सजनी के रंग दीपों के संग’ कार्यक्रम आयोजित

भरतपुर में सजनी के रंग दीपों के संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

भरतपुर, (निसं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला महिला इकाई के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम सजनी के रंग दीपों के संग कार्यक्रम आयोजन स्थानीय होटल ओम कंपलेक्स में आयोजित किया गया।

महिला अध्यक्ष शोभा कंसल ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीतू अग्रवाल (ब्रज हनी उद्योग,) विशिष्ट अतिथि पार्षद निशा अग्रवाल (हरि ऑयल इंडस्ट्रीज) एवं प्रियंका गोयल के कर कमल द्वारा गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की थीम करवा चौथ एवं दीपावली सेलिब्रेशन था। करवा चौथ थीम पर पायल गोयल ,नीतू गुप्ता ,शालू सिंघल एवं राधिका गुप्ता ने बहुत सुंदर प्रस्तुति की और करवा चौथ व्रत को जीवंत कर दिया।

अर्चना खंडेलवालऔर वंदना खंडेलवाल ने हास्य नाटिका प्रस्तुत कर सबको हंसने पर मजबूर कर दिया लवली जैन, रीमा जैन और उनकी टीम ने भी दिवाली थीम पर बहुत सुंदर प्रस्तुति की अन्य महिला सदस्यों के द्वारा भी हास्य एवं जीवंत प्रस्तुतियां दी गई।प्रतियोगिताओं में बंदनवार डेकोरेशन में पारुल अठावाल प्रथम एवं बबीता बिंदल द्वितीय रही तथा करवा चौथ थाली डेकोरेशन में अर्चना गर्ग प्रथम एवं सुनीता सिंघल द्वितीय रही सरप्राइज गेम विनीत गुप्ता, मीरा गर्ग, आशा अठावाल एवं सीमा अठावाल के द्वारा करवाया गया । लकी ड्रा में अर्चना गर्ग, अलका अठावाल, निशा सिंघल व खंडेलवाल विजेता रही।

जिले की इकाइयों में नदबई से अनीता गोयल ,वैर से मंजू गुप्ता, रूपवास से सीमा जैन ,बयाना से अलका अठावाल आदि महिला अध्यक्षों ने अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी स्थानीय घटकों से महिला जिला अध्यक्ष अठावाल समाज से शालिनी मित्तल, खंडेलवाल समाज से वंदना खंडेलवाल, माहेश्वरी समाज से प्रीती महेश्वरी, एवं जैन समाज से रीमा जैन ने भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में उपस्थिति दी। जिला महिला संरक्षिका डॉ मिथिलेश अठावाल जी ने सभी का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष शालिनी जैन एवं सरोज लोहिया ने सभी प्रतियोगिताओं को संपन्न करवाया।

कार्यक्रम में समता लोहिया डॉ., रश्मि अग्रवाल, मीना अग्रवाल,नीतू गर्ग ,सपना डीगिया , सीमा मित्तल,बबीता ,वैशाली राधा पीतलिया , सुधा गुप्ता ,राधा मेठी ,इंदु गोयल ,मीरा गर्ग एवं सभी घटकों एवं इकाइयों की महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन लवली जैन एवं वेदवती आर्य के द्वारा किया गया।

मां कैलादेवी की पदयात्रा रवाना

गंगापुर सिटी, (निसं)। मां कैलादेवी की निशुल्क पदयात्रा रविवार को रवाना हुई। माता रानी के जयकारों और भजनों की गूंज के बीच श्रद्धालु डीजे और बैंड-बाजे पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़े। शहर में जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत किया गया। इससे पहले सीताराम मंदिर में माता रानी खौहरी और मां कैला देवी की पूजा हुई।

इस अवसर पर सभापति कृष्ण कुमार गोयल, अध्यक्ष दिनेश चंद्र, महामंत्री रमेश चंद तिवारी, नवल गुप्ता, महादेव प्रसाद, राजेंद्र वैष्णव, गोपाल सोनी, दिनेश चंद, रीडर अशोक मंगल, राकेश मंगल और वेद प्रकाश समेत कार्यकर्ताओं ने पूजा कराई। दोपहर 2 बजे माता की प्रतिमा रथ में स्थापित कर पदयात्रा निकली।

शरद मेला महोत्सव शुरू

धौलपुर। नगर परिषद धौलपुर द्वारा आयोजित शरद मेला महोत्सव का आज विधिवत शुभारंभ नगर परिषद सभापति गिरीश कुमार गर्ग द्वारा ध्वजारोहण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उन्होंने मेले के संचालन की कामना की

देवेन्द्र चौधरी राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के जिलाध्यक्ष बने

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की जिला शाखा करौली के चुनाव रविवार को निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिंडौन में संपन्न हुए। निर्वाचन में देवेंद्र चौधरी को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया। चौधरी इससे पूर्व हिंडौन उपशाखा के लगातार आठ बार ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं।

निर्वाचन अधिकारी बिजेंद्र मीणा की देखरेख में आयोजित चुनाव प्रक्रिया से पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रत्येक उपशाखा से ब्लॉक कार्यकारिणी, जिला महासमिति एवं प्रदेश महासमिति के सदस्य निर्वाचन में शामिल हुए। सभी की सहमति से जिला अध्यक्ष सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया।

- **राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की जिला शाखा करौली के चुनाव संपन्न**

देवेंद्र चौधरी राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के जिलाध्यक्ष बने।

निर्वाचन में लज्जाराम गुर्जर को जिला सभाध्यक्ष, विजेंद्र खटाना को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील गोयल को जिला मंत्री तथा सपोटरा के मनीष कुमार शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। अमर सिंह मीणा को जिला संरक्षक, अनिल वैष्णव को उपसभाध्यक्ष, राधेश्याम मीणा को प्रारंभिक शिक्षा उपाध्यक्ष तथा रामदास मीणा को माध्यमिक शिक्षा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी प्रकार प्राची गुप्ता महिला मंत्री, सुशील सिंघल प्रधानाचार्य सदस्य तथा मनीष मित्तल अध्यापक सदस्य निर्वाचित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नवीन शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष हेमंत जांगिड, प्रदेश संरक्षक विजय शर्मा, जयपुर जिला कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू डागुर, टोडाभीम ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद, सपोटरा ब्लॉक अध्यक्ष रमेश चंद मीणा, नादौती ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद मीणा तथा श्रीमहावीरजी ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शुक्ला सहित विभिन्न उपशाखाओं के पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

सार-समाचार

करौली में सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा

करौली, (निसं)। माली-सैनी-कुशवाहा समाज के आठवें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास, मंडरायल रोड स्थित सेमिनार हॉल में संस्थान एवं विवाह समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने की। बैठक में 21 नवंबर 2026 को देवउठनी एकादशी के अवसर पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। टेंट, फोटोठााफी, हलवाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने समाजबंधुओं से अधिक से अधिक विवाह योग्य जोड़ों का पंजीयन कराने और सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। संस्थान सचिव एवं कस्बा अध्यक्ष रामगोपाल माली ने बताया कि सम्मेलन के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है तथा अब तक पांच जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। उन्होंने इच्छुक परिवारों से समय पर पंजीयन कराने का आठाह किया। संस्थान के सक्रिय सदस्य गोपाल लाल माली ने छात्रावास के निर्माण एवं विकास कार्यों में भामाशाहों, युवाओं और समाजसेवियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि छात्रावास को शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर केंद्र बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में क्रय समिति अध्यक्ष किरोड़ी लाल सैनी, उपाध्यक्ष रूपसिंह ड्राइवर, बाबूलाल भगत, कस्बा उपाध्यक्ष रामसिंह पार्षद, थानेदार यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक कमरपाल माली, बृजमोहन ठेकेदार, सरवन, गोपाल माली, व्याख्याता पप्पूलाल सैनी, करौली तहसील अध्यक्ष रामखिलाड़ी माली, धर्मी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

राधा मदन मोहन मंदिर में शरद पूर्णिमा पर खीर प्रसादी वितरित

करौली, (निसं)। श्री राधा मदन मोहन जी मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर राधा मदन मोहन शयन आरती भक्त मंडल की ओर से खीर प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ठाहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। भक्त मंडल के सदस्य जयंत शर्मा (जॉन्टी) ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा पर मंदिर प्रांगण में संध्या आरती से लेकर शयन आरती तक श्रद्धालुओं को खीर की प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पंडित शिवजी शास्त्री द्वारा गोपाल सहस्त्रनाम पाठ का वाचन किया गया। श्रद्धालुओं ने पाठ में भाग लेकर भक्ति भाव से भगवान का स्मरण किया। खीर प्रसादी वितरण और गोपाल सहस्त्रनाम पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। भक्त मंडल की ओर से सभी श्रद्धालुओं को शरद पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की अपील की गई।

गंगापुर सिटी में राम रसिया में बिखरी ग्रामीण संस्कृति की छटा

गंगापुर सिटी, (निसं)। ग्राम बुचौलाई में रामरसिया दंगल का आयोजन हुआ। लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से ग्रामीण संस्कृति की छटा बिखेरी। पूर्व विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने इसमें हिस्सा लिया। गुर्जर ने ग्रामीणों से जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण संस्कृति और लोक परंपराओं को जीवित रखते हैं। दंगल में बुचौलाई, टटवाड़ा, रामपुर धावाई, लंगेश और सपोटरा क्षेत्र की चार जोटों ने प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने पारंपरिक लोक कला से ग्रामीण संस्कृति को जीवंत किया। ग्रामीणों ने उत्साह से इसका आनंद लिया। निवर्तमान प्रधान मंजू गुर्जर ने भी विचार रखे। सरपंच रामचरण बुचौलाई, जिला परिषद सदस्य प्रत्याशी प्रहलाद टटवाड़ा, केदार मास्टर, मनोज कुनकटा, जीतू हीरापुर, विकास सैनी और रघुनाथ फौजी समेत कई लोग मौजूद थे। मंच संचालन भाजपा मंडल महामंत्री नरसी गुर्जर ने किया।

निजी स्कूलों की आरटीई राशि अटकी

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्थानीय स्कूल शिक्षा परिवार के तत्वाधान में निजी स्कूल संचालको ने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुजर को आरटीई पुनर्भरण राशि नहीं मिलने की समस्या से अवगत कराया जिस पर उन्होने शिक्षा मंत्री से फोन पर वार्ता कर इस मुददे का समाधान करने की मांग की जिस पर शिक्षा मंत्री ने शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान निजी स्कूल संचालको ने जिलाध्यक्ष भाजपा को अवगत कराया कि आरटीई राशि के पूनर भरण नहीं होने से भी स्कूल संचालको को आर्थिक परेशानी हो रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य लोकेन्द्र शर्मा और जिलाध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि आरटीई के तहत बच्चों की शिक्षा, शिक्षकों के वेतन व अन्य खर्च भी होते हैं। राशि समय पर न मिलने से स्कूलों की आर्थिक व्यवस्था पर असर पड़ रहा है।मानसिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदनलाल राठौड़ से फोन पर बात कर लंबित आरटीई राशि का मामला उनके सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन मिला। पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि जल्द कार्रवाई होगी और स्कूलों को राहत मिलेगी।

सामान्य जन चेतना मंच ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

मासलपुर/ करौली, (निसं)। पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर सामान्य जन चेतना मंच, करौली की ओर से मतदाता जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बिनेगा, टटवाई, गोलारा, गुवरेड़ा, मासलपुर, खनपुरा, केशपुरा और बल्लापुरा सहित विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित कर घर-घर जनसंपर्क किया गया तथा जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। अभियान का संचालन पूर्व सरपंच महेश सिंह के नेतृत्व में अभय शास्त्री एवं देव कुमार शर्मा ने किया। पूर्व सरपंच महेश सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सामान्य वर्ग के मतदाताओं को संविधान संशोधनों, आरक्षण नीतियों, यूजीसी विनियमों तथा सामान्य समाज के अधिकारों एवं हितों से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र में महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार होने के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। इसलिए प्रत्येक मतदाता को चुनाव में अपना मत देने से पहले संबंधित नीतियों और कानूनों का अध्ययन कर उनके संभावित प्रभावों को समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंच की ओर से वितरित पंपलेट के माध्यम से विभिन्न संवैधानिक संशोधनों, अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में हुए बदलावों तथा 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित यूजीसी विनियमों से जुड़े विषयों पर मतदाताओं का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। महेश सिंह ने मतदाताओं से अपील की कि वे बच्चों के भविष्य, शिक्षा, रोजगार के अवसरों और सामाजिक समरसता पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को ध्यान में रखते हुए विवेकपूर्ण निर्णय लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी राजनीतिक दल के दावों से प्रभावित होने के बजाय उसकी नीतियों, निर्णयों और कार्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

638 किलो खाद्य सामग्री नष्ट

भरतपुर, (निसं)। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, जयपुर के आदेष अनुसार दीपावली त्योहार पर अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर के निर्देशन में अभियान पर दूध व दूध से बनी वस्तुएं एवं परचूनी के सामान व खाद्य तेल की उपयोग करने की अधिकता बढ जाती है, को देखते हुए कस्बा वैर, रूपवास एवं भरतपुर शहर में खाद्य पदार्थ घी, मिर्च पाउडर, आइसक्रीम, सरसों तेल, वेज मायोनीज, नमकीन, बेसन, गेंहू का आटा आदि के 14 नमूने संगृहीत किये गये साथ ही मौके पर 23 किग्रा मसाले व अवधिपार घी नष्ट कराया। कस्बा सेवर, हलैना एवं भरतपुर शहर में खाद्य पदार्थ क्रीम, नमक, चावल, सूजी, रिफाइन्ड सोयाबीन तेल, धनिया पाउडर, शुगर बोइल्ड कन्फेक्षनरी, केसर ठण्डाई आदि के 12 नमूने संगृहीत किये गये साथ ही मौके पर 35 किग्रा. मिल्क प्रोडक्ट व सॉस आदि नष्ट करायीं। कस्बा सेवर, भुसाबर एवं भरतपुर शहर में खाद्य पदार्थ पास्ता पीजा सॉस, सरसों तेल, रस्क, मैदा, बादाम, पॉम ऑयल, शुगर बोइल्ड कन्फेक्षनरी, घी आदि के 16 नमूने संगृहीत किये गये साथ ही मौके पर 73 किग्रा मिल्क प्रोडक्ट, मसाले व सॉस आदि नष्ट कराये। को कस्बा बयाना से खाद्य पदार्थ नमकीन आलू भुजिया, सरसों तेल, बेसन आदि के 06 नमूने संगृहीत किये गये। शहर भरतपुर से खाद्य पदार्थ नमकीन के 02 नमूने संगृहीत किये गये साथ ही मौके पर 35 किग्रा नमकीन नष्ट करायी।